आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 09.11.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देहरादून में राज्य गठन के रजत जयंती कार्यक्रम में भाग लेंगे। आठ हजार करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे।
- प्रदेश में 12 सौ करोड़ की पर्यटन योजना में निवेश हुआ, रोजगार के अवसर बढ़े।
- चमोली जिले में भू–धसाव प्रभावित जोशीमठ में सुरक्षा दीवार निर्माण और स्लाइड ट्रीटमेंट कार्य शुरू।
- राज्य स्थापना की रजत जयंती के उपलक्ष्य में अल्मोड़ा में रोजगार मेले का आयोजन। अल्मोड़ा के अलावा पिथौरागढ़, बागेश्वर और नैनीताल जिले के युवाओं ने भाग लिया।

प्रधानमंत्री / स्थापना दिवस

उत्तराखंड आज अपने गठन की रजत जयंती मना रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान में आयोजित रजत जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर आठ हजार करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे तथा राज्यवासियों को संबोधित करेंगे।

समारोह के दौरान प्रधानमंत्री एक स्मारक डाक टिकट भी जारी करेंगे। जिन परियोजनाओं का आज उद्‌घाटन और शिलान्यास किया जाएगा, वे पेयजल, सिंचाई, ऊर्जा, तकनीकी शिक्षा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों से जुड़ी हैं। प्रमुख परियोजनाओं में अमृत योजना के अंतर्गत देहरादून जलापूर्ति कवरेज, पिथौरागढ़ में विद्युत सबस्टेशन, सरकारी भवनों में सौर ऊर्जा संयंत्र और हल्द्वानी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान शामिल हैं।

प्रधानमंत्री मोदी, देहरादून की सौंग बांध पेयजल परियोजना और नैनीताल की जमरानी बहुउद्देशीय बांध परियोजना का भी शिलान्यास करेंगे। सौंग बांध से देहरादून को प्रतिदिन 150 एमएलडी पेयजल मिलेगा, जबकि जमरानी परियोजना से सिंचाई, पेयजल और बिजली उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त चंपावत में महिला खेल महाविद्यालय, नैनीताल में अत्याधुनिक डेयरी संयंत्र और विभिन्न विद्युत सबस्टेशन परियोजनाओं की भी नींव रखी जाएगी।

## पर्यटन

राज्य स्थापना की 25 साल की विकास यात्रा में पर्यटन विभाग ने तेजी से प्रगति की है। पर्यटन क्षेत्र में अवस्थापना सुविधाओं और प्रदेश में अनके पर्यटक सुविधाओं का लगातार विस्तार हुआ है। नई पर्यटन नीति 2023–30 लागू होने के बाद अब तक 1200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं में निजी निवेश हुआ है, जो उत्तराखंड को नए पर्यटन डेस्टिनेशन की दिशा में अग्रसर कर रहा है। राज्य स्थापना की रजत जयंती पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने देहरादून में पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में केदारनाथ और बदरीनाथ धाम के पुनर्निर्माण, आदि कैलाश यात्रा के विकास और शीतकालीन व साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि राज्य में पर्यटन सर्किट, मंदिर माला मिशन, रोपवे प्रोजेक्ट्स, वाइब्रेंट विलेजेस जैसी योजनाएं रोजगार और विकास के नए द्वार खोल रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य अगले पांच वर्षों में उत्तराखंड की सकल घरेलू उत्पाद को दोगुना करना है, जिसमें पर्यटन क्षेत्र की भूमिका निर्णायक होगी।

## वंदे भारत एक्सप्रेस

रुड़की शहर और आसपास के क्षेत्रवासियों के लिए कल का दिन ऐतिहासिक बन गया, जब लखनऊ से सहारनपुर तक चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव अब रुड़की रेलवे स्टेशन पर सुनिश्चित किया गया। इस निर्णय से न केवल रुड़की, बल्कि पूरे हरिद्वार जिले और पश्चिमी उत्तराखंड के यात्रियों को सुविधा मिलेगी। स्थानीय नागरिकों में इसे लेकर खुशी जताई है। इस अवसर पर लोकसभा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत और राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताते हुए कहा कि यह ठहराव रुड़की के औद्योगिक, शैक्षणिक और पर्यटन क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

## ऑपरेशन सद्भावना– पॉली हाउस भेंट

प्रदेश के सीमांत क्षेत्रों में सतत आजीविका को बढ़ावा देने और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने की दिशा में भारतीय सेना की पंचशूल ब्रिगेड ने एक सराहनीय कदम उठाया है। 'ऑपरेशन सद्भावना' के तहत ब्रिगेड ने पिथौरागढ़ ज़िले के वाइब्रेंट विलेज– गर्ब्यांग के निवासियों को एक पॉली हाउस भेंट किया है।

जिले के दुर्गम उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित गर्ब्यांग गांव सामरिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। सेना द्वारा प्रदान किया गया यह पॉली हाउस स्थानीय किसानों को कृषि उत्पादन बढ़ाने, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और कठोर मौसम में भी वर्षभर खेती करने में मदद करेगा। यह पहल भारत सरकार के वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम, रिवर्स माइग्रेशन नीति और राष्ट्र निर्माण की भावना के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य सीमांत गांवों का पुनरुत्थान और ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर आजीविका के अवसर प्रदान करना है।

<u>जोशीमठ ट्रीटमेंट कार्य</u>

चमोली जिले में भू–धसाव प्रभावित जोशीमठ में ट्रीटमेंट कार्य शुरू हो गए हैं। जोशीमठ की तलहटी पर अलकनंदा के बाईं ओर सुरक्षा दीवार निर्माण और स्लाइड ट्रीटमेंट कार्यों को शुरू करने से पूर्व कार्यदायी संस्था ने भूमि पूजन किया। सिंचाई विभाग की देख–रेख मे ट्रीटमेंट कार्यों के तहत जोशीमठ की तलहटी मारवाड़ी से लेकर विष्णु प्रयाग घाट तक 613 मीटर सुरक्षा दीवार निर्माण के साथ ही लैंड स्लाइड पहले चरण का ट्रीटमेंट भी होगा।

<u>रोजगार मेला</u>

राज्य स्थापना की की रजत जयंती के उपलक्ष्य में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय अल्मोड़ा द्वारा रोजगार मेला आयोजित किया। रोजगार मेले में देशभर की 60 से अधिक नामी कंपनियों ने स्टॉल लगाकर युवाओं का पंजीकरण किया। मेले में अल्मोड़ा जिले के अतिरिक्त पिथौरागढ़, बागेश्वर और नैनीताल जिले के युवाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री गंगा बिष्ट ने चयनित युवाओं को नियुक्त पत्र प्रदान किए।

जिला सेवायोजन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि मेले में एक हजार 125 अभ्यर्थियों ने ऑन लाइन आवेदन किया था।

नियुक्ति पाने वाले युवा राज ने कहा कि रोजगार मेले सभी युवाओं को बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

<u>जिलाधिकारी बैठक</u>

नैनीताल जिले के हल्द्वानी में उत्तराखण्ड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी– यूयूएसडीए द्वारा छह नलकूपों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि पांच नलकूपों का निर्माण कार्य तेज़ी से चल रहा है। इसके अलावा छह ओवरहेड पेयजल टैंकों का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। ज़िलाधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में हल्द्वानी में आयोजित एक समीक्षा बैठक में यूयूएसडीए के परियोजना अधिकारी कुलदीप सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब तक 740 किलोमीटर लक्ष्य के सापेक्ष 346 किलोमीटर पेयजल लाइनें बिछा दी गई हैं। इसी प्रकार 122 किलोमीटर लक्ष्य के सापेक्ष 54 किलोमीटर सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य भी पूरा कर लिया गया है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड आगमन की खबर सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है... हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– राज्य स्थापना दिवस पर आज उत्तराखंड आएंगे प्रधानमंत्री, इस खबर के शीर्षक में अमर उजाला लिखता है– रजत जयंती पर पीएम आज देंगे 8260 करोड़ की सौगात,

आंदोलनकारी पेंशन में 10 हजार तक का इजाफा– इस शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– मुख्यमंत्री ने राज्य स्थापना की रजत जयंती के मौके पर की घोषणा।

देहरादून में बन रही ग्रीन बिल्डिंग के ठेकेदार पर कार्रवाई, पोकलैंड सीज, पांच लाख का जुर्माना– दैनिक जागरण का शीर्षक।